आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :490 पृष्ठ -4 दिनांक 28 मई 2025 दिन बुधवार

## बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली में छोड़ा सरकारी बंगला, क्या है वजह? चर्चाएं तेज

### बंगला उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर आवंटित किया गया

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली के लोधी एस्टेट स्थित अपने सरक. ारी बंगले (टाइप 7, 35 लोधी एस्टेट) को खाली कर दिया है. यह बंगला उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर आवंटित किया गया था. बंगला क्यों खाली किया गया इसके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है, लेकिन बताया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से बँगला खाली किया गया है. वहीँ मायावती अब कहां बंगला लेंगी या कहां आवंटित होगा इसको लेकर कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है.इस बंगले में 20 से अधिक हैं और यही नहीं इसे पिछले साल ही रिनोवेट किया गया था. मायावती के अचानक बंगला खाली करने की खबर ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना दिया है. खास तौर पर यह कदम तब उठाया गया है, जब बीते लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा के बेहद खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा सवालों के घेरे में है.बसपा सुप्रीमो मायावती अब दिल्ली में अपने अन्य ठिकानों, जैसे कि न्यू दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित बंगला नंबर 3, जो बहुजन प्रेरणा ट्रस्ट के नाम पर है, या फिर लखनऊ में अपने आवास पर रह सकती हैं. मायावती के पास दिल्ली के कनॉट प्लेस में भी दो व्यावसायिक संपत्तियां हैं, जिनका मूल्य 2012 में क्रमशः 9.39 करोड़ और 9.45 करोड़ रुपये आंका गया था.हालांकि, बसपा ने साफ किया है कि यह कदम सुरक्षा से जुड़े कारणों के चलते लिया गया है, लेकिन दूसरी तरफ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला पार्टी की मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीति से भी जोड़ा जा सकता



है. मायावती ने हाल ही में अपने भतीजे आकाश आनंद पहले पार्टी से निकाला था फिर वापस लेते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी.बीते लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा. पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर एक भी सीट जीतने में नाकाम रही और उसका वोट शेयर महज 9.24: रहा. यह 2022 के विधानसभा चुनावों के 12.88: वोट शेयर से भी कम है. फिलहाल अभी तक बसपा की ओर से इस मामले में और कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन मायावती के अगले कदम को लेकर सभी की नजरें ठहर गयीं हैं.।

## UP के इन जिलों में लगेगा खास सिस्टम, एंट्री से पहले चेहरे से होगी पहचान, योगी सरकार ने बनाया प्लान

उत्तर प्रदेश में लगातार धार्मिक पर्यटन नए कीर्तिमान रच रहा है. प्रदेश में तेजी से पर्यटन में विस्तार हुआ हैं ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन के लिए सबसे अहम हैं. मंदिरों में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा की तमाम जरुरतों को देखते हुए यूपी के अयोध्या, वृंदावन, काशी, प्रयागराज जैसे बड़े स्थलों पर फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाने का फैसला लिया गया है. इसकी शुरुआत राजधानी लखनऊ में अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में पायलट प्रोजेक्ट के साथ हुई है. जल्द ही दूसरे धार्मिक स्थलों पर भी इससे जुड़ी औपचारिकता पूरी कर ली जाएगी.उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं की सुरक्षा को अधिक व्यवस्थित बनाने पर काम कर रहा है. इसका एक उद्देश्य संभावित खतरों से निपटना भी होगा. पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ये एआई आधारित सिस्टम हैं, इसके परीक्षण के दौरान 6500 विजिटर्स को रिकॉर्ड किया गया, जिसमें सिस्टम ने 96 फीसद सटीकता के साथ रियल टाइम चेहरा पहचानने में सफलता हासिल की है. इस सिस्टम के जरिए संदिग्ध और ब्लैक. लिस्ट लोगों की पहचान करना आसान होगा. फेस रिकग्निशन सिस्टम की सफलता के बाद इसे प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर भी लागू किया जाएगा. पर्यटन मंत्री ने कहा कि अब इस सिस्टम को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर, अलोपी देवी मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, भैरवनाथ मंदिर, मथुरा के श्री बांके बिहारी मंदिर और प्रेम मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर भी लगाने की तैयारी की जा रही है. मंत्री ने कहा कि इस सिस्टम से भीड़ के प्रबंधन में मदद मिलेगी. ये सिस्टम पहली बार में नजर आने वाले चेहरों को भी पहचानने में सक्षम है, जिससे मंदिर परिसर में आने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान हो सकेगी. इसके साथ ही ब्लैकलिस्ट लोगों को भी पहच. ानना आसान होगा. इस प्रोजेक्ट तहत मंदिर के प्रवेश द्वार पर हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे. जिससे मंदिर परिसर के आसपास हर तरह की गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी. जानकारों का भी मानना है कि इस कदम से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और पुख्ता किया जा सकेगा.

## उत्तराखंड कोरोना को लेकर सरकार सतर्क, सचिव स्वास्थ्य ने अधिकारियों को बैठक में दिए जरूरी दिशा–निर्देश

देश के कई राज्यों में कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने पर उत्तराखंड सरकार भी सतर्क हो गई है. कोविड लक्षण वाले सभी मरीजों की रैपिड टेस्ट और आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य की गई है. इस संबंध में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. रा. जेश कुमार ने अधिकारियों के साथ कोविड प्रबंधन की समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिए हैं ताकि कोविड को लेकर कोई भी लापरवाही न बरती जाए.बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी कोविड जांच केंद्रों में रैपिड व आरटीपीसीआर किट उपलब्ध कराई जाए. किसी भी संभावित या आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में पूरी तैयारी रखी जाए, ताकि समय रहते लोगों को इलाज मिल सके.स्वास्थ्य सचिव ने क्या निर्देश दिए हैं? स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि, प्रदेश में कोविड अभी नियंत्रण में है. प्रदेश सरकार हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है. उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड के उपचार व रोकथाम के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. जांच में तेजी लाने के साथ निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए. कोविड मरीजों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलिंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाइपैप मशीन, वेंटिलेटर, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के साथ आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो. वही अस्पतालों में इलाज के लिए आ रहे इन्फ्लुएंजा लक्षण मरीजों की विशेष रूप से जांच की जाए. सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों व लैब कोविड जांच की रिपोर्ट इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन पोर्टल अवश्य अपलोड करें ताकि सभी तरह से इस पर निगरानी रखी जा सके. चारधाम यात्रा को लेकर राज्य सरकार सतर्कवही प्रदेश में अभी चारधाम यात्रा जारी है. ऐसे कोविड को लेकर सरकार बेहद संजीदा है और किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतना चाहती है. ऐसे में इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि किस व्यक्ति में ऐसे लक्षण है, जिसकी जांच की जाना जरूरी है. ऐसे सभी लोगों के जांच के आदेश सरकार ने दिए हैं कि पूरा ध्यान रखा जाए. सभी की जांच सही समय पर हो और कोविड के लक्षण आने पर तुरंत उस व्यक्ति को आइसोलेट किया जाए.

## CM योगी ने जनता दर्शन में लोगों की सुनीं समस्याएं, . अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन में शामिल होकर लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया. उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामा. जिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने साफ कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवे. दनशीलता और तत्परता होनी चाहिए. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आए लोगों से सीधे संवाद किया और एक–एक व्यक्ति से उनकी बात जानकर अफसरों को कार्रवाई के लिए लिखा. उन्होंने अधिकारियों से दो टूक कहा कि, "हर समस्या का हल गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपूर्ण होना चाहिए." उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "सरकार की प्राथमि. कता है कि कोई भी पीड़ित न्याय से वंचित न रहे."गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने जमीन कब्जे, पारिवारिक विवाद, इलाज और नौ. करी से जुड़े मामलों को विशेष प्राथमिकता दी. उन्होंने कहा कि गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले या किसी भी कमजोर व्यक्ति को परेशान करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. ऐसे मामलों में अधिकारियों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे. मुख्यमंत्री ने इन सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर शासन को भेजा जाए ताकि सहायता तत्काल दी जा सके.इस दौरान कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ जनता दर्शन में पहुंचीं. मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों को स्नेहपूर्वक दुलार कर चॉकलेट दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया. एक बच्ची जब अपनी मां के साथ पहुंची और मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहने के लिए उठ खड़ी हुई, तो सीएम योगी ने उसके सिर पर हाथ फेरकर उसे आशीर्वाद दिया और भरोसा दिलाया कि "मेरे शासन में किसी को डरने या चिंता करने की जरूरत नहीं है."

## पाकिस्तान तो कोरमा और कोफ्ता खा रहा है, PM मोदी के रोटी और गोली वाले बयान पर बोली सपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही वाले बयान पर समजवादी पार्टी के नेता अमीक जामेई की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात में थे और उन्होंने वहां एक रोड शो किया, जहां वे सेना की ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे. जामेई का मानना है कि इस तरह के प्रदर्शन से सेना के मनोबल को बढ़ाया जा सकता था और पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता था. लेकिन रोटी तो पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (प्डथ) की खा रहा है.इसके साथ ही सपा नेता ने बताया कि भारत के विदेश मंत्री और उनका पूरा विभाग आईएमएफ मुख्यालय में पाकिस्तान के खिलाफ रहे लेकिन हम पूरी तरह से इसमें असफल रहे. जामेई ने कहा कि अमेरिका के पास आईएमएफ में 13 वोट हैं और पाकिस्तान के लिए 13 वोट पड़े, जबकि यूरोपीय संघ के वोट मिलाकर 50 हो जाते हैं. इसलिए पाकिस्. तान रोटी नहीं खा रहा वह तो कोरमा और कोफ्ता खा रहा है और हम पर आतंकवाधी कार्रवाइयां भी करेंगा इसमें भी कोई शक नहीं है.पाकिस्तान को टेबल पर लाना था जामेई ने कहा कि ये समय था कि पाकिस्. तान को टेबल पर लाना था और सीजफायर के फैसले ने पाकिस्तान के मनोबल को बढ़ाया है. इसके साथ ही उन्होंने कर्नल सोफिया के परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि लोकल प्रशासन का आदेश था कि पीएम मोदी आएंगे और उन पर फूल बरसाएं.  क्या यह जरूरी है कि सेना के परिवारों को इस तरह की चीजें नहीं करनी चाहिए. भुज में बोले थे पीएम मोदी– रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो ही है बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात भुज में पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि सुख चौन की जिंदगी जिओ, रोटी खाओ वरना मेरी गोली तो है ही. पीएम मोदी के इस बयान पर राजनीतिक हलचल तेज और विपक्षी नेता अलग–अलग बयान दे रहे हैं.

## बांकेबिहारी जी मंदिर ट्रस्ट के गठन के बीच अखिलेश यादव का दावा– मंदिरों पर कब्जा करना चाहती है BJP

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांकेबिहारी जी मंदिर ट्रस्ट के गठन के बीच कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं. सपा चीफ ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी अपने संगी साथियों को मंदिर में जगह देकर भ्रष्टाचार कर रही है. कन्नौज सांसद ने यह भी दावा किया है कि मंदिरों पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है.सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा चीफ ने लिखा कि मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए!उन्होंने लिखा सभी बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भा. जपा और उनके संगी–साथी अप्रत्यक्ष रूप से अपना कब्जा करते जा रहे हैं. जो परंपरागत रूप से सैकड़ों सालों से इन मंदिरों के प्रबंधन–संचालन में आस्था से अपने कर्तव्य निभाते आ रहे हैं, उनसे उनके सेवा–भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं साथ ही उनके ऊपर अविश्वास प्रकट करते हुए, एक तरह से ये आरोप भी लगाया जा रहा है कि वो इस काम में सक्षम नहीं है या फिर उनका संचालन त्रुटिपूर्ण है. सपा चीफ ने लिखा– मंदिरों



में श्रद्धालु जो दान–पुण्य करते हैं उसका सदुपयोग मंदिर में दर्शन, प्रसाद–भेंट, सुरक्षा, जन सुविधा, धर्मशाला आदि धर्मार्थ कार्यों में होता आया है और सेवा–भाव से भरा आस्थावान प्रबंधन इसीको सुनिश्चित करता है क्योंकि उनका ऐसे धर्म–कर्म से एक बहुत गहरा भक्ति भावना से भरा लगाव होता है. जो लोग बाहरी होते हैं या पेशेवर होते हैं, वो इन सब धार्मिक–निवेश को लाभ–हानि की तराजू पर तोलते हैं, उनके लिए ये श्रद्धा का विषय नहीं होता है. ऐसे प्रकरण उपलब्ध हैं जब ऐसे प्रशासनिक लोगों ने मंदिर में चढ़ाये गये बेलपत्रों तक को बेचकर भ्रष्टाचार किया है. कन्नौज सांसद ने लिखा कारोबारी भाजपा और उनके धन लोलुप संगी–साथी याद रखें कि धर्म भलाई के लिए होता है, कमाई के लिए नहीं. उन्होंने लिखा कि ये अनायास नहीं है कि जबसे भाजपा आई है एक के बाद एक मंदिरों पर 'प्रशासनिक कब्जा' होता जा रहा है. ये देश की सांस्कृ तिक–धार्मिक परंपरा के विरुध्द है. जो भावना एक न्यास में होती है, वो प्रशासन के उन लोगों में कैसे हो सकती है, जिनका कब स्थानांतरण हो जाए, उन्हें पता नहीं होता और जो शासन के कृपापात्र होते हैं, वो ईश्वर के कृपा पात्र सच्चे न्यासियों जैसे हो ही नहीं सकते हैं. आस्थावान कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा.

## कोर्ट से राहत मिलने के बाद बृजभूषण शरण सिंह की पहली प्रतिक्रिया, इन लोगों को दी चेतावनी

भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों के साथ यौन शोषण के मामले में कोर्ट से राहत मिलने के बाद पहली प्रतिक्रिया दी है. पूर्व सांसद ने अपने खिलाफ साजिश रचने वालों को चेतावनी भी दी है.पूर्व सांसद ने यह भी मांग की है कि कानूनों का दुरुपयोग रुकना चाहिए. उन्होंने कहा कि ऐसे कानूनों के दुरपयोग पर रोक लगनी चाहिए.जिन लोगों ने साजिश रची उनका हाल क्या हुआ आपने देखा. हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का संदर्भ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के हुड्डा (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) 11 बजे मुख्यमंत्री बन रहे थे  लेकिन 11 बजे के बाद वो संतरी भी नहीं बने. हम हनुमान जी के भक्त है जो गलत करेगा उसे परिणाम भुगतना होगा.बृजभूषण शरण सिंह के पक्ष में आए फैसले के बाद उनके बेटे और सांसद करण भूषण सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी थी. उन्होंने कहा था कि यह न्याय और सत्य की निर्णायक जीत है! सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं. न्यायपा. लिकाजिंदाबाद, नेताजी जिंदाबाद!पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) गोमती मनोचा ने कहा कि क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है. इससे पहले 17 मई को एएसजे मनोचा ने उस पहलवान को तलब किया था, जिसने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था. कोर्ट ने उसे 26 मई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था. पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट 15 जून 2023 को दायर की गई थी, जिसका शिकायतकर्ता ने विरोध नहीं किया था.पीड़िता और उसके पिता ने 1 अगस्त 2023 को पुलिस जांच पर संतोष व्यक्त किया और मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं जताई.एडीजे छवि कपूर के समक्ष बंद कमरे में उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था.

## राधा रानी को पक्षकार बनाने की याचिका खारिज, HC ने कहा– पुराण कानूनी साक्ष्य नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में अंतरिम फैसला सुनाते हुए पुराणों को लेकर जो टिप्पणी की है, जिसे लेकर कोहराम मच गया है. हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पुराण प्रामाणिक नहीं हैं. पुराणों में लिखी हुई बातें सुनी सुनाई होती हैं. इसलिए कानून के नजरिए से उसे प्रत्यक्ष सबूत के तौर पर नहीं माना जा सकता. हाईकोर्ट ने इसी आधार पर मथुरा मामले में देवी श्री जी राधा रानी को पक्षकार बनाए जाने अर्जी को खारिज कर दिया है. मथुरा मामले में अंतरिम फैसला सुनाते हुए जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की सिंगल बेंच ने कहा कि मथुरा मामले में जिस 13.37 एकड़ जमीन का विवाद है, उसमें इस बात के कोई प्रमाणिक सबूत नहीं है श्री जी राधा रानी भगवान श्री कृष्ण के साथ संयुक्त रूप से दावेदार होने की हकदार हैं. सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना एन सिंह की तरफ से श्री जी राधा रानी को मथुरा मामले में पक्षकार के तौर पर शामिल किए जाने की जो अर्जी दाखिल की गई थी, उसमें यह दावा किया गया था कि पुराणों और संहिताओं में राधा रानी को भगवान कृष्ण की आत्मा माना गया है. उन्हें भगवान कृष्ण की पहली पत्नी बताया गया है. दावा किया गया है कि ब्रह्मा जी ने दोनों का विवाह कराया था. कोर्ट के फैसले के मुताबिक पुराणों का हवाला देकर वहां भगवान श्री कृष्ण के साथ राधा रानी के भी विराजमान होने का दावा किया गया है.कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पौराणिक तथ्यों को आम तौर पर कानूनी संदर्भ में सुनी–सुनाई बातों के सबूत के रूप में ही माना जाता है. पा. ॅराणिक चित्रणों के मामले में, ये कहानी और घटनाओं का ग्राफिक प्रतिनिधित्व हैं और घटनाओं की सच्चाई, जो वे दर्शाते हैं, आमतौर पर कथा पर आधारित होती है न कि प्रत्यक्ष अवलोकन या गवाही पर. इसे कतई प्रत्यक्ष प्रमाण के तौर पर नहीं माना जा सकता. इसलिए सिर्फ पौराणिक आधार पर अर्जी को मंजूर नहीं किया जा सकता. अदालत ने पुराणों को लेकर दी गई इस दलील के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना एन सिंह की अर्जी को खारिज कर दिया है. पौराणिक तथ्यों और दलीलों के आधार पर यह दावा साबित नहीं होता.गौरतलब है कि मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद केस से जुड़ी हुई सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना एन सिंह ने पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर मथुरा मामले की सुनवाई में देवी श्री जी राधा रानी को भी पक्षकार बनाए जाने की मंजूरी दिए जाने की अपील की. उनकी तरफ से दावा यह किया गया कि पुराणों और संहिताओं में श्री जी राधा रानी को भगवान कृष्ण की आत्मा बताया गया है. भगवान कृष्ण की जन्मस्थली जो कि अभी शाही ईदगाह मस्जिद के कब्जे में है, वहां की हकदार भगवान श्री कृष्ण विराजमान के साथ ही राधा रानी भी साझेदार के तौर पर हैं. ऐसे में मथुरा के मंदिर मस्जिद विवाद में हा. ईकोर्ट में जिन 18 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है, उनमें राधा रानी को भी पक्षकार बनाए जाने की इजाजत दी जाए.

# जिला अस्पताल में 1 जून तक नहीं होंगे अल्ट्रासाउंड एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती, अवकाश पर जाने से समस्या

जिला अस्पताल में एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संतोष कुमार गुप्ता के अवकाश पर जाने से अल्ट्रासाउंड सेवाएं ठप हो गई हैं। पिछले दो दिनों से अल्ट्रासाउंड रूम पर ताला लगा है। अल्ट्रासाउंड रूम पर सूचना चस्पा कर दी गई है कि सेवाएं 2 जून से फिर शुरू होंगी।डॉ. गुप्ता को अवकाश के साथ कोर्ट में एविडेंस के लिए भी जाना है। इस दौरान रोजाना आने वाले मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों और संसाधनों की कमी का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। मरीजों को मजबूरन प्रा. इवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वह अवकाश और अन्य जरूरी काम से बाहर हैं और 2 जून से अल्ट्रासाउंड सेवाएं फिर से शुरू




कर देंगे।मरीजों को परेशानी का सामना... सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जिला अस्पताल में सिर्फ एक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है, जिनके अनुपस्थित होने पर पूरी सेवा ठप हो जाती है। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## हाथरस में सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत कैंटर ने साइकिल को मारी टक्कर, हसायन में जलेसर रोड पर हुआ हादसा

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में जलेसर रोड पर एक सड़क हादसा हुआ। इसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई। हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मान्धाती के किसान नेपाल सिंह (48) पुत्र मक्खन सिंह की कैंटर की चपेट में आने से मौत हो गई। नेपाल सिंह खेती–बाड़ी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। वह खुरपी की मरम्मत के लिए अपने गांव के पास साइकिल से बाजार गए थे। इसके बाद जब वह वापस घर लौट रहे थे तो जलेसर रोड पर गांव असोई के पास कैंटर ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में घायल नेपाल सिंह को परिजन आगरा लेकर गए। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने अपने पीछे अन्य परिजनों के अलावा चार संतानों को बिलखते छोड़ा है। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर है।

## भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सादाबाद में अंबेडकर पार्क का दौरा किया

भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सादाबाद में अंबेडकर पार्क का दौरा किया। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर को माल्यार्पण किया और समर्थकों को संबोधित किया। चंद्रशेखर ने सिकंदराराऊ सत्संग हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज होता तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे धार्मिक नारों से प्रभावित न होकर विकास के मुद्दों पर ध्यान दें।उन्होंने कहा कि वर्तमान में रोटी,

रोजगार, अस्पताल और शिक्षा जैसे मूलभूत मुद्दों की बजाय धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता दी जा रही है। महंगाई पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है। महंगाई इतनी होगी कि सरकार जनता का खाल तक खींच लेगी।भीम आर्मी प्रमुख ने अपने समर्थकों से शिक्षित बनने और संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल नारेबाजी से समाज का भला नहीं होगा। बाबा साहेब के विचारों को समझने और शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आने वाले समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षा और संगठन की ताकत जरूरी है।

## आगरा के दो बच्चों की अनोखी केदारनाथ यात्रा 529 किमी की दूरी स्केटिंग से तय करेंगे, पिता बाइक पर साथ चलेंगे

आगरा के दो बच्चे स्केटिंग के जरिए केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकल पड़े हैं। वंशिका और हिमांशु नाम के इन बच्चों के साथ उनके पिता बाइक पर यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा कुल 529 किलोमीटर की होगी। पिता के अनुसार यात्रा में लगभग 12 दिन का समय लगेगा।वंशिका पिछले 3 साल से स्केटिंग सीख रही हैं। हिमांशु भी कई वर्षों से स्केटिंग का अभ्यास कर रहे हैं। दोनों बच्चे पहले भी 183 किलोमीटर दूर स्थित केला देवी मंदिर तक स्केटिंग से यात्रा कर चुके हैं। हिमांशु आगरा से बटेश्वर और अन्य स्थानों की भी स्केटिंग यात्रा कर चुके हैं।यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए परिवार ने टेंट की व्यवस्था की है। खाने के लिए वे रास्ते में पड़ने वाले होटलों का सहारा लेंगे। आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से शुरू हुई इस यात्रा को देखकर लोग बच्चों की हिम्मत और श्रद्धा की सराहना कर रहे हैं।

## हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई

हाथरस के चंदपा कोतवाली क्षेत्र में एक घटना सामने आई। नगला भुस के पास शटरिंग का काम करने वाले 62 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीगढ़ के रोरावर कोतवाली क्षेत्र के नीवरी मोड निवासी जान मोहम्मद पुत्र दीन मोहम्मद के रूप में हुई है।जान मोहम्मद अन्य मजदूरों के साथ शटरिंग का काम कर रहे थे। काम के बाद वह ऊंचाई पर तख्त पर सो गए। सुबह के समय नींद में असंतुलित होकर वह नीचे गिर गए। स्थानीय लोग उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।परिवार के लोग भी पहुंचे अस्पताल..मृतक के परिजन और ठे. केदार भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जान मोहम्मद अपने पीछे चार संतानों को छोड़ गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाथरस के सासनी तहसील के बांधनू गांव में मंगलवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

हाथरस के सासनी तहसील के बांधनू गांव में मंगलवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ–साथ स्थानीय नागरिकों ने नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।सभा में वक्ताओं ने नेहरू के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, लो. कतांत्रिक मूल्यों और धर्मनिरपेक्ष सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी और आज भी उनके विचार देश को प्रगतिशील दिशा देने में प्रेरणा हैं। जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने कहा, "पंडित नेहरू केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि एक जीवित विचारधारा थे, जिन्होंने शिक्षा और विकास को प्राथ. मिकता दी।"कार्यकर्ताओं ने किया विचारों का स्मरणकार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने



नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन और विचार युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और औद्योगीकरण की दिशा में उनका दृष्टिकोण भारत को वैश्विक मंच पर मजबूती देने वाला था।बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूदश्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के मुकेश उपाध्याय, पुष्पेंद्र सिंह, सचिन उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, जीतू चोहान, दीपक उपाध्याय, हिमांशु सेंगर, सचिन वर्मा, भूपेंद्र उपाध्याय, राज शेखर, विशाल कुमार बंटी, सिब्बू नगाइच और राहुल सेंगर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उप. स्थित रहे। सभी ने नेहरू के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

## रजिस्ट्री प्रक्रिया के निजीकरण का विरोध सासनी में अधिवक्ताओं और कातिबों ने की हड़ताल, रजिस्ट्री ऑफिस बंद करने की मांग

उत्तर प्रदेश के सासनी में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और कातिबों ने हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने रजिस्ट्री ऑफिस बंद करने के लिए रजिस्ट्रार को प्रार्थना पत्र सौंपा है।अधिवक्ताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 की रजिस्ट्रीकरण नियमावली के तहत दस्तावेजों का पंजीकरण ऑनलाइन किया जा रहा है। सरकार अब इस प्रक्रिया को एक निजी संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारियों को सौंप रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस निर्णय से अधिवक्ताओं, टाइपिस्ट और कातिबों को आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से रजिस्ट्री प्रक्रिया के निजीकरण के आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे। इस स्थिति में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सासनी तहसील के गांव रुहेरी के कुम्हार समाज के लोग मिट्टी के लिए परेशान**

महिलाएं और पुरुष एसडीएम प्रज्ञा यादव से मिलने तहसील पहुंचे।कुम्हार समाज के लोगों ने बताया कि वे पीढ़ियों से मिट्टी के बर्तन बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन अब उन्हें मिट्टी नहीं मिल पा रही है। इससे उनके परिवार के भरण–पोषण पर संकट आ गया है।समाज के लोगों का कहना है कि उनके पास चिकनी मिट्टी के आवंटन के कागजात हैं। लेकिन लेखपाल और अधिकारियों ने वह जमीन दूसरे लोगों के नाम दर्ज कर दी है। इस मुद्दे को लेकर वे कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।कुम्हारों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें जल्द मिट्टी नहीं मिली तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे। उनका कहना है कि मिट्टी के बिना उनके बच्चों का पालन–पोषण मुश्किल हो रहा है।




## सादाबाद में ट्रक–बाइक की टक्कर, महिला की मौतरूपति के साथ मायके जा रही थी, पति गंभीर घायल

सादाबाद इंटर कॉलेज के सामने एक ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत आगरा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उनके पति हरीश को मामूली चोटें आई हैं।राधे की गढ़ी निवासी पिंकी अपने पति हरीश के साथ मायके जा रही थीं। वे अपने खेत में उगे खरबूज और तरबूज मायके ले जाना चाहती थीं। दोपहर के समय जब उनकी बाइक सादाबाद इंटर कॉलेज के सामने पहुंची, तभी ट्रक ने टक्कर मार दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को आगरा भेजा। हरीश



अभी आगरा में भर्ती हैं। पिंकी की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि अभी तक कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील गभाना में मत्स्य पालन पट्टा आवंटन 03 एवं 24 जून को

अलीगढ़ (उप जिलाधिकारी गभाना विनीत मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व साधारण को बताया है कि तहसील गभाना के ग्रामों के 233 तालाबों को मत्स्य पालन के लिए आगामी 10 वर्षों के लिये पट्टा शिविर का आयोजन 03 व 24 जून 2025 एवं लक्ष्य पूर्ति तक प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को प्रातः 10 बजे से तहसील सभा कक्ष में तहसीलदार गभाना की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पट्टा आवंटन 25005000 रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से किया जाएगा एवं 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के तालाबध्पोखर पंजीकृत मत्स्य जीवी सहक.ारी समितियों को 10 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से आवंटित किये जाएंगे. उन्होंने बताया तहसील गभाना के ग्राम औ.रिहा, दवथला, तेजपुर, सुम्मेरा दरियापुर, पिलौना, खिरजपुर, रामपुर, रसीदपुर गा.रना, देवपुर, भीमपुर, सोमना, पनिहावर, खैमपुर, गभाना, अर्जुनपुर, मौहरैना, बसई, वीरमपुर, ख्यामई, हुर्सेना, पोथी, गांवरी, सा.गरा, मदनगढ़ी, कोरह रूस्तमपुर, बरौठ छजमल, जगतपुर, रायट, नन्दपुर पला, मुकटपुर, अकरावत, सूरजपुर, बधियाना, टीकरी भवापुर, जौहरा, सुदेशपुर, डेटा सैदपुर, दिलावरपुर, कसेरू, थानपुर खानपुर, हींसैल, मढ़की, जखौता, बीरपुरा, उदयपुर, चांदनेर, सुम्मेरपुर, कोटा खास, दाउदपुर कोटा, अमरौली, जमालपुर सिया, चण्डौस, बरका, विसारा, रामपुर शाहपुर, अंजना, बरौला, श्यामपुर, रामनगर, पो.करगढ़ी, बरौली, बाजगढ़ी, लहटोई, तालेपुर, खुर्दखेड़ा, ऊमरी, नगला पदम, ऐलमपुरा, गौरऊ चांदपुर, पहावटी, नूरूलापुर, भगवानपुर, इमलहरा, नगला सरूआ, नवापुर, चीवनपुर, किनुआं, भगतपुर, जहराना, भोगपुर, अमृतपुर वख्तपुर, ओगीपुर, सिंहपुर, रामनगर, भो.जपुर गैयनपुर, ताजपुर, बाहरपुर, गंगैसी, जामुनका, शहजपुरा, पैराई, पला सल्लू, चूहरपुर, कोमला, चंदरौला, रूस्तमपुर रोला, राजमऊ, सांगौर, रूप नगर, डेटा खुर्द, राऊपुर, जलोखरी, शाहपुर, धर्मपुर, पिसावा, सिकंदरपुर कोटा, मलिकपुरा, माधौगढ़, सुनाना, एवं जगलगढ़ी ग्रामों के तालाबों को मत्स्य पालन के लिए आवंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र के साथ 03 व 24 जून को आयोजित होने वाले शिविर के साथ ही लक्ष्य आपूर्ति तक प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक तहसील गभाना सभाकक्ष में अपना आवेदन कर सकते हैं। अपरान्ह 02 बजे के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## महापौर और नगर आयुक्त ने किया जवां नहर का सिंचाई विभाग और जल निगम के साथ निरीक्षण



अलीगढ़ के पेयजल की किल्लत वाले वार्डो में आने वाले दिनों में पेयजल आपूर्ति प्रभावी बनने की संभावना दिखाई देने लगी है। अलीगढ़ नगर निगम सीमा में गिरते जल स्तर के कारण कई वार्डों में पेयजल की किल्लत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जवां नहर से सरफेस वाटर को अलीगढ़ नगर निगम सीमा में लाने के लिए महापौर प्रशांत सिंघल के साथ सिंचाई विभाग और जल निगम के अधिकारियों को लेकर निरीक्षण किया।शहर की प्यास बुझाने के लिए ये निरीक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान महापौर व नगर आयुक्त द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही जवां नहर का 50 क्यूसेक पानी शहर में पहुंचाया जाएगा जिससे नगर निगम की लगभग 5 लाख की आबादी आच्छादित होगी।नगर आयुक्त के निर्देशनगर आयुक्त ने जल निगम और सिचाई विभाग को तत्काल प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग को 50 क्यूसेक पानी की उपलब्धता के लिए पत्र भेजा गया है।महापौर ने कहामहापौर ने कहा शहर की प्यास बुझाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही शहरवासियों को जवां नहर का पानी मिलना शुरू हो जाएगा।नगर आयुक्त ने कहानगर आयुक्त ने कहा हमने सिचाई विभाग और जल निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर निरीक्षण किया है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार हो जाएगी और शहरवासियों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा।प्रोजेक्ट के लाभइस प्रोजेक्ट से शहर की लगभग 5 लाख की आबादी को लाभ होगा। जवां नहर का पानी शहर में पहुंचने से लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिलेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा।निरीक्षण में अधिशासी अभियंता जल निगम सुनील सिंह सिचाई विभाग के एसडीओ रजनीश सिंह, जल निगम से अवर अभियंता अबू हसन, स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब आदि मौजूद।

## ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को हनुमानजी मंदिर पर हुई महाआरती महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अलीगढ़।महानगर के सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर महावीर गंज में जेठ माह के पावन पर्व पर द्वितीय मंगलवार को महाआरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ,जिसमें भक्तों का उत्साह देखने लायक था।यहां पर मंदिर के बाहर तक भक्तों की कतार लगी हुई थी और सभी भक्त अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे कि कब बाबा के दर्शन हो और अपनी मनोकामना बाबा के सम्मुख रखें।कार्यक्रम में महंत अजय शुक्ला ने बताया कि बाबा के दरबार में सभी भक्त अपनी अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और यहां पर सभी की मनोकामना पूर्ण होती है और कोई फरियादी बाबा के दरबार से निराश होकर नहीं जाता।इस महाआरती में व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मास्टर ओम प्रकाश वार्ष्णेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी महावीर गंज स्थित हनुमानजी महाराज की महिमा के बारे में बताया।महाआरती और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मास्टर ओम प्रकाश वार्ष्णेय के अलावा,भूपेंद्र वार्ष्णेय दवाई वाले,सुरेश चंद पेठा,विजय गुप्ता,हरी बाबू गुप्ता, अशोक परोपकारी,विष्णु वार्ष्णेय, पवन किराना,राजा सौरभ,अशोक आचार, नीरज शुक्ला,मयंक,चुनमुन,दीपक वार्ष्णेय,संदीप बैटरी,धर्मेश चंद आदि भक्तजन मौजूद रहे जबकि महिला मंडल से कल्पना शुक्ला,रुचि गुप्ता,डॉली, पूजा,राधा,नगीना,रचना, नीलम,अनीता, बीना,लवली,लता,गीता,गार्गी,कामना, श्रुति,शालिनी,अलका,टीना,हिमांशी, रीना,प्रियंका और ज्योति सहित काफी महिला भक्तगण भी उपस्थित रहे।

## महेंद्र नगर व पला मे डेयरी पर कार्यवाई– नगर निगम ने वसूला 32500 का जुर्माना

अलीगढ़ में अवैध डेयरी संचालको द्वारा गोबर व गंदगी सड़क व नालियों में बहाने के कारण सफाई व्यवस्था में आ रही बाधा हो देखते हुए मंगलवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा के नेतृत्व में पला रोड गली नंबर 10 और महेंद्र नगर गली नंबर 3 में अवैध डेयरी संचालकों पर गंदगी तथा गोबर रोड तथा गली में बहाए जाने पर 08 लोगो पर कार्यवाई करते हुए को का जुर्माना वसूलते हुए डेयरी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए गोबर व गंदगी नाले नालियों में न बहाने की कड़ी हिदायत दी नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा शहर की छवि खराब करने वालो के विरुद्ध नगर निगम सख्त से सख्त कदम उठाएंगे जो लोग लगातार चेतावनी के बावजूद सफाई व्यवस्था को बाधित कर रहे है उनको चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए अधिनस्थों को निर्देश दिए गए है।

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सांसद के पुत्र और कांग्रेस की प्रांतीय नेत्री के भाई राजीव प्रताप सिंह

अलीगढ़।पूर्व सांसद स्व.घनश्याम सिंह के पुत्र और उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा सिंह के भाई राजीव प्रताप सिंह का निधन हो गया है,इतना ही नहीं इस घटना के बाद कांग्रेस नेत्री प्रतिमा सिंह के पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और इसकी सूचना मिलते ही तमाम लोगों का उनके आवास विकास जेल रोड स्थित निज निवास पर आना शुरू हो गया।आपको बता दें कि लगभग पचपन वर्षीय राजीव प्रताप सिंह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और उपचार के दौरान दिल्ली में उनका निधन हो गया।इसके बाद सवेरे उन्हें अलीगढ़ लाया गया और फिर इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा मुक्ति धाम नुमाइश मैदान पर पहुंची जहां अंतिम क्रियाएं पूरी करने के बाद उनके पुत्र त्रिभुवन प्रताप सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी।इस दौरान यहां राजीव प्रताप सिंह के चाचा जी शिव प्रताप सिंह,बहिन प्रतिमा सिंह,भाई संजय प्रताप सिंह,डॉ.जितेंद्र पाल सिंह और विक्रमादित्य सिंह के अलावा परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।वहीं दूसरी तरफ यहां पूर्व सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह,पूर्व विधायक प्रमोद गौड़,डॉ.जयंत शर्मा गिरवर शर्मा,कमला कांत तिवारी,ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान,पूरन चंद्र देशमुख,ठाकुर आनंद पाल सिंह,डॉ.धर्मेंद्र लोधी,संदीप चाणक्य,अंशुल गैस,मनोज शैली,विनय कांत अग्निहोत्री,चीकू पाठक,आलोक गौड़,सीपी गौतम,अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह,विनोद पांडेय,अनवर अकील,लीना कुमार,रमेश पांडे,हेमंत टोटो और सपा नेता रक्षपाल सिंह समेत अनेक प्रबुद्ध लोगों ने दिवंगत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया।

## श्री अग्रवाल युवा संगठन में 6 नवीन सदस्यों ने ग्रहण की सदस्यता की शपथ

अलीगढ़।श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा गूलर रोड स्थित एक होटल में आधा दर्जन नवीन सदस्यों को सदस्यता की शपथ ग्रहण कराई गई।इस अवसर पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष नवीन अग्रवाल द्वारा संस्था में प्रवेश हुए सभी नवीन सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई।वहीं संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रांजुल गर्ग एवं निवर्तमान अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल द्वारा सभी नवीन सदस्यों को महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा एवं संविधान की छायाप्रति दे कर व माला पहना कर सम्मान किया गया।तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत अग्रवाल ने सभी नवीन सदस्यों को संस्था में आगमन पर बधाई और शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर संस्था के महामंत्री विवेक अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सीए.पीयूष अग्रवाल,उपाध्यक्ष राहुल गर्ग,उपमंत्री सीए. प्रखर गर्ग,निदेशक आकाश अग्रवाल एगोन,सीए अनमोल अग्रवाल,सदस्य शिखर गर्ग,अभय गोयल,मनीष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और दिव्यांश अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सांसद के पुत्र और कांग्रेस की प्रांतीय नेत्री के भाई राजीव प्रताप सिंह

अलीगढ़।पूर्व सांसद स्व.घनश्याम सिंह के पुत्र और उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा सिंह के भाई राजीव प्रताप सिंह का निधन हो गया है,इतना ही नहीं इस घटना के बाद कांग्रेस नेत्री प्रतिमा सिंह के पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और इसकी सूचना मिलते ही तमाम लोगों का उनके आवास विकास जेल रोड स्थित निज निवास पर आना शुरू हो गया।आपको बता दें कि लगभग पचपन वर्षीय राजीव प्रताप सिंह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और उपचार के दौरान दिल्ली में उनका निधन हो गया।इसके बाद सवेरे उन्हें अलीगढ़ लाया गया और फिर इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा मुक्ति धाम नुमाइश मैदान पर पहुंची जहां अंतिम क्रियाएं पूरी करने के बाद उनके पुत्र त्रिभुवन प्रताप सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी।इस दौरान यहां राजीव प्रताप सिंह के चाचा जी शिव प्रताप सिंह,बहिन प्रतिमा सिंह,भाई संजय प्रताप सिंह,डॉ.जितेंद्र पाल सिंह और विक्रमादित्य सिंह के अलावा परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।वहीं दूसरी तरफ यहां पूर्व सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह,पूर्व विधायक प्रमोद गौड़,डॉ.जयंत शर्मा गिरवर शर्मा,कमला कांत तिवारी,ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान,पूरन चंद्र देशमुख,ठाकुर आनंद पाल सिंह,डॉ.धर्मेंद्र लोधी,संदीप चाणक्य,अंशुल गैस,मनोज शैली,विनय कांत अग्निहोत्री,चीकू पाठक,आलोक गौड़,सीपी गौतम,अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह,विनोद पांडेय,अनवर अकील,लीना कुमार,रमेश पांडे,हेमंत टोटो और सपा नेता रक्षपाल सिंह समेत अनेक प्रबुद्ध लोगों ने दिवंगत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया।

## अलीगढ,पनेठी घटना पर विहिप ने तोड़ी चुप्पी, संगठन पर लगाए गए आरोपों को किया खारिज

अलीगढरू पनेठी में हुई मीट व्यापारी से मारपीट की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी स्थिति स्पष्ट की। विभाग मंत्री मुक.ेश राजपूत ने कहा कि ष्घटना के संबंध में अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है। विहिप और बजरंग दल का इस मामले से कोई लेना–देना नहीं है। संगठन की ओर से कोई भी निर्णय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रा.रंभिक जानकारी के अनुसार, मांस को खुले में ले जाया जा रहा था, जिससे क्षेत्र में अफवाह फैली और लोगों में आक्रोश पनपा। मांस किस प्रजाति का है, ये अभी जांच का विषय है और सैंपल मथुरा लैब भेजा गया है। यदि जांच में गौवंश का मांस पाया गया तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।प्रशासन की भूमिका पर भी उठाए सवालमुकेश राजपूत ने कहा, ष्अगर कोई फैक्ट्री खुले में मांस की आपूर्ति कर रही है, तो ये भी एक गंभीर लापरवाही है। प्रशासनिक चेकपॉइंट्स के होते हुए इस प्रकार की घटना कैसे हुई, इसकी भी जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।विहिप बजरंग दल पर लगाए आरोप बेबुनियादरू प्रतीक रघुवंशीविहिप ब्रजप्रान्त के सोशल मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग बिना तथ्यों के विहिप और बजरंग दल पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। विहिप एक अनुशासित राष्ट्रभक्त संगठन है और ऐसे आरोप संगठन कभी सहन नहीं करेगा। जरूरत पड़ी तो प्रशासन से संविधान सम्मत सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।हर सनातनी के साथ है विहिपउन्होंने आगे कहा, ष्विश्व हिंदू परिषद हर राष्ट्रभक्त सनातनी हिंदू के साथ खड़ी है और किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी।विधि प्रकोष्ठ की भी चेता.वनी इस दौरान विधि प्रकोष्ठ प्रमुख गजेंद्र ने कहा कि कुछ विद्यार्थी इस घटना की आड़ में सामाजिक विद्वेष फैलाने की को.शिश कर रहे हैं, जिन पर प्रशासन को त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## अलीगढ़ में बदले एसडीएम और मजिस्ट्रेटडीएम ने बेहतर कानून व्यवस्था के लिए किया बदलाव, महिमा को मिला कोल का चार्ज



## पूर्व कर्मचारी एवं मजदूर नेता बी.एस. राणा के निजी आवास पर हुआ भव्य महाकाली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं घण्टा दर्शन कार्यक्रम

अलीगढ़ पूर्व कर्मचारी एवं मजदूर नेता बी.एस. राणा उर्फ काली पुत्र द्वारा उनके निजी आवास, निकट दीनदयाल चिकित्सालय, रामघाट रोड पर एक भव्य धार्मिक आयोजन के अंतर्गत माता महाकाली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन पूरी श्रद्धा और धूमधाम से किया गया।कार्यक्रम की विशेष हाईलाइट माता महाकाली की पवित्र देवभूमि गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) में चढ़ाया जाने वाला 125 किलोग्राम वजनी पवित्र घण्टा रहा, जिसका दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। यह घण्टा गंगोलीहाट दरबार में चढ़ाया जाने वाला प्रतिष्ठित प्रतीक है, जिसे अलीगढ़ लाकर यहां भक्तों को दर्शन हेतु प्रस्तुत किया गया। बीएस राणा ने बताया कि बहुत इंतजार एवं कठिनाइयों के बाद प्रभु बद्रीनाथ व मेरे इष्ट देवता पूर्वजों केदारनाथ जी की दिव्या कृपा से गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ उत्तराखंड के दरबार में घंटा चलने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है इस दिव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता महाकाली, शिव परिवार एवं हनुमान जी की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक एवं समाजसेवी विवेक बंसल, सिंचाई, बिजली विभाग, सूचना विभाग, दीनदयाल चिकित्सालय तथा प्रिंटिंग प्रेस से जुड़े अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रद्धालुजन सपरिवार उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की भूरिभूरि प्रशंसा करते हुए श्री बी.एस. राणा द्वारा किए गए इस पुण्य कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। यह धार्मिक आयोजन पूर्ण श्रद्धा, आस्था एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर क्षेत्र में एक मिसाल बन गया।

# दिल्ली से कासगंज आए यात्रियों ने कैब ड्राइवर को लूटा कार, मोबाइल समेत 4000 रुपए छीने एटा में गाड़ी छोड़कर भागे

दिल्ली के नरेला से कासगंज के लिए उबर कैब बुक करने वाले तीन बदमाशों ने रविवार को लूटपाट की। कासगंज के दरियावगंज जैथरा मार्ग पर उन्होंने कैब ड्राइवर मनोज कुमार को मारा–पीटा। बदमाशों ने 4000 रुपए नकद, दो मोबाइल और कैब छीन लिया।21 वर्षीय मनोज कुमार फिरोजाबाद के फफूंद थाना क्षेत्र के रासगांवा का रहने वाला है। वह दिल्ली में रहकर उबर कंपनी में काम करता है। शनिवार की देर रात तीन लोगों ने कासगंज के लिए कैब बुक की। दरियावगंज पहुंचते ही तीनों बदमाश हमलावर हो गए।बदमाशों ने कार में लगे ळॅ को बंद कर दियामनोज किसी तरह बचकर दरियागंज चौकी पहुंचा। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। साथ ही कार में लगे ळॅ को बंद कर दिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकेबंदी कर दी। ळॅ बंद होने से कार एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के कायमगंज रोड पर रुक गई। बदमाश पुलिस को देखकर कार छोड़कर भाग गए।कासगंज पुलिस ने सीमा



विवाद का हवाला देकर थ्प् दर्ज करने से मना कर दिया। बाद में एटा की अलीगंज थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने लूटी गई कैब बरामद कर ली है। बदमाशों की तलाश जारी है।लूटी हुई कार बरामदसूचना पुलिस ने तत्काल वायरलेस सेट पर आसपास के स्थान पर दी। लूट की जानकारी मिलते ही आसपास के थानों की पुलिस सकरी हो गई काफी दूर तक पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। लेकिन इसी बीच बदमाशी कर छोड़कर फरार हो गए हैं।

एटा की अलीगंज थाना पुलिस ने यूपी 86 एटी 3806 नंबर लूटी हुई कार बरामद कर ली है। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।अलीगंज थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि घटना कासगंज जनपद की है। वायरलेस सेट पर कर लूट जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। बदमाशों का पीछा किया। कायमगंज रोड पर पांचाली ढाबा के समीप बदमाश कार छोड़कर फरार हो गए। कार को बरामद कर लिया है। बदमाशों की तलाश जारी है।

## करंट से भैंस की मौत पर ग्रामीणों का विरोध जलेसर में . सड़क जाम करने वाले 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलेसर में शनिवार को एक अजीब घटना सामने आई। सती रनौसा गांव में बिजली के करंट से एक भैंस की मौत हो गई। भैंस के मालिक राधा किशन और अन्य ग्रामीणों ने इस घटना के विरोध में सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर जाम लगा दिया।जाम की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक रामवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जाम लगाने वालों की पहचान की। इनमें राधा किशन, उनके बेटे प्रवेन्द्र और मुकेश, राजेश, मोहित, रोहित और विजय सिंह शामिल थे।घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। आरोपियों ने जलेसर–आगरा मार्ग पर एक नीले रंग का स्वराज ट्रैक्टर खड़ा कर दिया। इससे मार्ग पर आने–जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। पुलिस ने मौके की फोटो और वीडियो के आधार पर सभी आरोपियों की पहचान की। सभी आरोपी सती रनौसा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एटा में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं होने से कर्मचारी परेशान

एटा में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं होने से कर्मचारी परेशान हैं। विभिन्न कंपनियों के दर्जनों कर्मचारियों ने जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों का कहना है कि जिले में व्यापारी साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं कर रहे हैं। इस कारण कंपनी कर्मच. ारियों को अवकाश के दिन भी काम करना पड़ रहा है। इससे उनके घरेलू काम–काज प्रभावित हो रहे हैं।ज्ञापन देने वाले नीरज कुमार ने बताया कि पहले नियमित रूप से साप्ताहिक बंदी होती थी। अब जिले भर में इसका पालन नहीं हो रहा है। व्यापारी भी साप्ताहिक बंदी के पक्ष में हैं। कर्मचारियों ने पहले भी श्रमिक विभाग को इस बारे में लिखित शिकायत की थी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है। कर्मचारियों की मांग है कि साप्ता. हिक बंदी का पालन कराया जाए। इससे व्यापारिक संस्थाओं में काम करने वाले कर्मचारियों को एक दिन का अवकाश मिल सकेगा।

## एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के दतेई गांव में चिकोरी प्लांट पर एक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया

एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के दतेई गांव में चिकोरी प्लांट पर एक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और घायल मजदूर चंद्रपाल ने दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चंद्रपाल ने बताया कि नितिन और फौजी नाम के दो व्यक्तियों ने पैसों के लेनदेन को लेकर 32 वर्षीय ऋषिपाल (ओमप्रकाश के पुत्र) की डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि घटना को देख लेने के कारण आरोपियों ने उन्हें भी छत से नीचे फेंक दिया।पुलिस कर रही मामले की जांच घायल मजदूर के बहनोई ने बताया कि 17 तारीख को हुए इस झगड़े में उनके साले को पहले डंडों से पीटा गया। फिर छत से फेंक दिया गया। वीरांगना अवंती बाई मेडिकल के चिकित्सकों ने चंद्रपाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया है। मिरहची थाना पुलिस फिलहाल इसे एक हादसा मान रही है। हालांकि, इस मामले पर पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कासगंज एचटी लाइन की चपेट में आकर संविदा विद्युत कर्मी की मौत

कासगंज गंजडुंडवारा के गांव नूरपुर निवासी संविदा कर्मी की रविवार की रात्रि एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।संविदा विद्युत कर्मी 20 वर्षीय विनेश पुत्र पप्पू निवासी नूरपुर थाना क्षेत्र गंजडुंडवारा रविवार को सहावर थाना क्षेत्र के गांव रति का नगला में एचटी लाइन पर कार्य कर रहा था। तभी अचानक लाइन चालू हो गई और करंट के कारण वह जमीन पर गिर गया। जिससे गंभीर घायल हो गया। वहां कार्य कर रहे अन्य विद्युत कर्मचारियों द्वारा घायल को सहावर सीएससी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल



लाते समय रास्ते में शाम 6 बजे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पा. ेस्टमार्टम के लिए भेजा है।शादी को एक वर्ष भी नहीं हो सका पूरा करंट से मृत सं. विदा विद्युत कर्मी विनेश की शादी को एक वर्ष भी नहीं हो पाया। उसकी शादी 11 माह पूर्व माया पुत्र जयद्रथ से हुई थी। उसकी मौत से पत्नी माया, मां संतोषा सहित अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार दिल्ली–हरियाणा से चोरी की 12 बाइक बरामद

कासगंज के थाना पटियाली पुलिस ने अंत. रराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ककराला बघराई रोड स्थित स्यौर माता मंदिर के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की 12 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं।गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली के खजूरी खास से अनुज, जतिन और आरिस तथा काशीगंज के पटियाली से अनुज शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने दिल्ली से 5, हरियाणा से 4 और नोएडा से 3 मोटरसाइकिलें चोरी की थीं।बरामद वाहनों में एक मोटरसाइकिल आर वन फाइव थाना संतनगर दिल्ली से चोरी की गई थी। इस संबंध में वहां एफआईआर नंबर 14391625 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज है। एक अन्य स्प्लेंडर बाइक सेकेंड पुस्ता सोनिया विहार दिल्ली से चोरी की गई थी।आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलें कम कीमत में बेच रहे थे। पुलिस सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## 7 साल बाद लापता बहन घर लौटी रिश्तेदारी में जाने के लिए निकली थी, फिर लौट कर घर नहीं आई थी

कासगंज के जामा मस्जिद इलाके में एक परिवार को 7 साल बाद अपनी खोई हुई बहन वापस मिल गई। मोहम्मद ताहिर की बहन शबाना 7 साल पहले अलीगढ़ में रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।परिवार ने शबाना को खोजने की हर संभव कोशिश की। एक साल बीता, दो साल बीते और सात साल गुजर गए। लोगों ने कहा कि शबाना अब इस दुनिया में नहीं है। परिवार ने भी उसे मृत मान लिया था। सोमवार की रात अचानक शबाना घर लौट आई।घर में फिर से खुशियां लौट आई– भाभी उसे देखकर भाई ताहिर और परिवार के सभी सदस्य आश्चर्यचकित रह गए। शबाना की भाभी सानिया ने बताया कि पड़ोसियों ने तो यहां तक कह दिया था कि शबाना की मृत्यु हो चुकी है और उसे जला दिया गया है। शबाना के लौटने की खबर सुनकर मोहल्ले के लोग भी उनके घर पहुंचे। शबाना की भाभी की आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्हा. ेंने बताया कि 7 साल बाद बहन के लौटने से घर में फिर से खुशियां लौट आई हैं।

## अमांपुर भ्रष्ट विद्युत विभाग के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने किया बिजली घर अमापुर का घिराव,साथ ही फीडर पर की तालाबंदी

कासगंज जनपद के विकासखंड अमापुर में जे ई की भ्रष्ट कार्यशैली को लेकर के भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने आज अमापुर बिजली घर का किया घिराव आपको बताते चलें के आंधी तूफान से लचर हुई विद्युत व्यवस्था को अमापुर विद्युत विभाग द्वारा 09 दिन पश्चात भी दुरस्त नहीं किया नवीन मीटर लगवाने में विद्युत विभाग अमापुर की घोर लापरवाही व दलाली सामने आई साथ ही मकान में लगे हुए विद्युत पोल और उस पर झूलते तार मौत को दावत दे रहे हैं समस्या सामने आई, नए मीटर लगवाने के लिए जे ई द्वारा लिमिट से ज्यादा का स्टीमेट की समस्या सामने आई, मीटर की रीडिंग की समस्या सामने आई,भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मन. मर्जी के चलते ग्रामीण आम जनता को हो रही परेशानियों के कारण बिजली घर का घेराव व धरना प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के कार्यकर्ता का आरोप है कि बिजली विभाग अमापुर के जूनियर इंजीनियर व कर्मचारी क्षेत्रीय जनता का ना तो फोन उठाना उचित समझते हैं और ना ही उनकी समस्याओं का समाधान करना। इस मौके पर अनेक बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग अमापुर के ऊपर गंभीर आरोप लगाए कि नया घरेलू कनेक्शन व मी टर लगवाने के नाम पर




बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों ने पांच 5000 तक रिश्वत के लिए लेकिन आज दिन तक ना उनका कनेक्शन हुआ और ना ही मीटर लगे ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय हो जाने के चलते अभी तक विद्युत सप्लाई सुचारु रूप से चालू नहीं हुई है। जिससे भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी व कर्मचारी सदस्यों में बिजली विभाग अमापुर के खिलाफ काफी आक्रोश व्याप्त दिखाई दिया। यूनियन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने बिजलीघर अमापुर पर ताला लगा दिया और उनके ही कर्मचारीयों से क्षेत्र में हो रही विद्युत सप्लाई को बंद करा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमापुर पुलिस प्रशासन व नायब तहस. ीलदार अंकिता सिंह सहावर बिजली विभाग के एसडीओ व जे ई अमापुर मौके पर पहुंचे उन्होंने जनता व भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं को समझाया बुझाया व उनकी विभिन्न मांगों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष पांडे के नेतृत्व में सैकड़ो किसान कार्यकर्ता उक्त बिजली घर पर मौजूद थे प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने जनता की विभिन्न समस्याओं को मध्यनजर रखते हुए भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने उप जिलाधिकारी सहावर के नाम नायब तहसील दार सहावर अंकिता सिंह को निम्नलिखित मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें किसानों के साथ जे ई द्वारा अभद्र व्यवहार करना साथ ही फोन न उठाने की समस्या सामने आई भारतीय किसान यूनियन स्वराज में मांग की है कि सभी समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाए अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन होगा

एटा में लक्ष्मी बाई स्कूल के सामने स्थित कुबेर फाइनेंशियल की बिल्डिंग पर ऑयल कंपनी का कब्जा हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी सदर जगमोहन गुप्ता ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बिल्डिंग का कब्जा ऑयल कंपनी को दिलाया। कंपनी ने तुरंत अपनी सील लगाकर बिल्डिंग को अपने कब्जे में ले लिया।यह मामला कुबेर फाइनेंशियल कंपनी के दिवालिया होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रहा था। हाईकोर्ट ने ऑयल कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए एटा जिला प्रशासन को कब्जा दिलाने का आदेश दिया जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर एसडीएम जगमोहन गुप्ता ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली नगर अमित सिंह और थाना प्रभारी कोतवाली देहात आर के सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। बिल्डिंग में स्थित 5–6 दुकानों को भी सील कर दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले में हलचल मच गई है।